तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 27. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 22 मई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 24 घंटे संचालित होगी सीएम हेल्पलाइन

4




## खबर संक्षेप

### लेखा सह एमआईएस सहायक का पद पर भर्ती के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत जिला, जनपद पंचायत के रिक्त पद लेखा सह एम.आई.एस. सहायक का पद संख्या-01 (अन्य पिछड़ा वर्ग-मुक्त) की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि प्राप्त आवेदन पत्रों का छानबीन समिति द्वारा जांच उपरांत कौशल परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर अंतिम वरीयता सूची, चयन सूची एवं प्रतिक्षा सूची जारी किया गया है। जिसका दावा-आपत्ति 2 जून कार्यालयीन सायं 5 बजे तक आमंत्रित किया गया है। उक्त सूची जिला पंचायत-जांजगीर-चांपा के सूचना-पटल एवं जिला के वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

### सराईपाली में आयोजित शिविर स्थगित, अब 25 को होगा

**जांजगीर-चांपा।** जनजातीय गरिमा उत्सव जन भागीदारी अभियान ''सबसे दूर सबसे पहले'' अंतर्गत ग्राम सराईपाली, विकासखंड अकलतरा में आयोजित होने वाले शिविर की तिथि में संशोधन किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि 18 से 25 मई तक जनजातीय गरिमा उत्सव जन भागीदारी अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 22 मई को विकासखंड अकलतरा के ग्राम सराईपाली में उक्त शिविर आयोजित किया जाना था, निर्धारित तिथि को ग्राम कापन विकासखंड अकलतरा में सुशासन तिहार आयोजित होने के कारण ग्राम सराईपाली विकासखंड अकलतरा में आयोजित शिविर को स्थगित करते हुए उक्त शिविर 25 मई को आयोजित किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क जर्जर ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**देवरी-सारागांव।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी से अमरुवा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2020 में निर्मित सड़क आज बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी है। सड़क जगह-जगह से उखड़ गई है और बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्मित इस सड़क से प्रतिदिन ग्रामीणों, विद्यार्थियों और किसानों का आवागमन होता है। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। उखड़ी गिट्टियों और बड़े बड़े गड्ढों के चलते दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी रहती है। बारिश के दिनों में सड़क की हालत और अधिक खराब हो जाएगी, जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ जाएगी। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन को ध्यान आकर्षित कर मांग की है कि नई सड़क का निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

### सशिमं में गौ सेवा आयोग का आगमन आज

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल का आगमन नैला स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में शुक्रवार 22 मई को सुनिश्चित है। कार्यकर्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय जनता पार्टी,विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, गौ सेवा आयोग,गौ सेवक एवं समस्त अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्तागढ़ आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाएंगे। कार्यक्रम 22 मई को सुबह 11 बजे से रखा गया है। कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर नैला में रखा गया है। गौ सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव ने सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी की घटना

# तालाब में डूबकर दो मासूम बच्चियों की मौत, गांव में पसरा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

तालाब में डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई। दोनों बच्चियां अपनी दादी के साथ तालाब में नहाने गई थी। नहाने के दौरान खेलते खेलते गहरे पानी में जाने से दोनों डूब गई। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार 21 मई की दोपहर ग्राम अर्जुनी निवासी अशोक रात्रे की बेटी मुस्कान और श्रुति अपनी दादी के साथ नहाने के लिए स्कूल के पास के तालाब गई थी। दोनों बच्चियां नहाने के लिए तालाब में उतर गई। वहीं उनकी दादी तालाब के किनारे कपड़े धोने लगी। बच्चियां खेलते खेलते गहरे पानी में चली गई। इधर उनकी दादी कपड़े धोने में व्यस्त हो गई। इसी बीच दोनों बच्चियां गहरे पानी में डूब गई। कुछ देर बाद जब बच्चियां नहीं दिखी तो दादी ने आसपास तलाश शुरू की। देखते ही देखते वहां अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और बच्चियों की खोजबीन शुरू की गई। काफी प्रयास के बाद दोनों बच्चियों को तालाब के पानी में डूबा हुआ पाया गया। ग्रामीणों की मदद से दोनों को तत्काल बाहर निकाला गया और आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा ले जाया गया। अस्पताल में परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने 9 वर्षीय मुस्कान रात्रे और 7 वर्षीय श्रुति रात्रे को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना अस्पताल प्रबंधन द्वारा पुलिस सहायता केंद्र कोटमीसोनार और थाना अकलतरा को दी गई। पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया। अर्जुनी में हुई इस हृदयविदारक घटना में एक साथ दो सगी बहनों की मौत हो गई। इस घटना ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।



सीएचसी अकलतरा में रखा दोनों बच्चियों का शव व अस्पताल में पंचनामा कार्रवाई करती पुलिस।



### खेल-खेल में जा रही बच्चों की जान

गर्मी की छुट्टियों में बच्चे इन दिनों खेलकूद में व्यस्त है। ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चे तालाबों में जाकर जलक्रीड़ा कर रहे है। कम उम्र के बच्चे भी खेलते खेलते तालाबों तक पहुंच रहे है। तालाब में नहाने के दौरान खेल खेल में बच्चे गहराई में चले जा रहे है, जिससे उनकी जान जा रही है। सक्ती जिले के ग्राम लवसरा में भी इसी तरह खेलते खेलते तालाब के गहरे पानी में चले जाने से 29 अप्रैल को दो बच्चों की मौत हुई थी। यहां 6 साल की जुड़वा बहन दिव्या और दीप्ति की तालाब में डूबने से मौत हुई थी। इसी तरह पामगढ़ और बलौदा थाना क्षेत्र के बूचीहरदी में भी इस तरह की घटनाओं में बच्चों की मौत हो चुकी है। ऐसे में गर्मी के मौसम में छोटे बच्चों की खास निगरानी की जरूरत है।

# महतारी वंदन योजना : 20 फीसदी महिलाओं का ई- केवाईसी बाकी

## 2 लाख 79 हजार महिलाओं का बैंक खाता होना है अपग्रेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

महतारी वंदन योजना के तहत जांजगीर चांपा जिले के 2 लाख 79 हजार महिलाओं का ई केवाईसी किया जाना है। अभी भी 20 फीसदी ई केवाईसी का काम बाकी है। ऐसे में योजना का लाभ पाने के लिए ईकेवाईसी किया जाना जरूरी है। ईकेवाईसी नहीं होने पर योजना के लाभ से वंचित हो सकते है।

गौरतलब है कि महतारी वंदन योजना के तहत निर्धारित पात्रता रखने वाली जिले की 2 लाख 79 हजार महिलाओं को पात्रता के अनुसार हर महीने 1 हजार एवं सालाना 12 हजार रुपए की राशि शासन के द्वारा उनके बैंक खातों में जमा कर दी जाती है। इस राशि के माध्यम से महिलाएं अपने जरूरत की सामानों की खरीदी कर सके इसके लिए उनके बैंक खातों का ई केवाईसी अपडेट करना जरूरी है। राज्य शासन की आदेश के अनुसार 1 अप्रैल से 30 जून के बीच बैंक खातों के ई केवाईसी का काम कराया जाना है जो टारगेट है उसके अनुसार अभी भी 20 फीसदी महिलाओं का ईवाईसी बाकी है। इधर ग्राम पंचायत भवन एवं शहरी क्षेत्रों में च्वाईस सेंटरों में ई केवाईसी को लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंच रही है। शासन के द्वारा ईकेवाईसी की आखिरी तारीख 30 जून रखी गई है। ईकेवाईसी नहीं कराने की स्थिति में महिलाएं योजना के लाभ से वंचित भी हो सकते है। इधर ईकेवाईसी को लेकर कई महिलाओं का फिंगर मशीन में स्वीकार नहीं कर पा रहा है। जिसके कारण कई महिलाओं को दोबारा ईकेवाईसी दोबारा कराना पड़ रहा है। इसके लिए महिलाओं का आधार कार्ड, बैंक खाता एवं मोबाइल नंबर जरूरी किया गया है। वहीं महिलाएं भरी गर्मी में च्वाईस सेंटर एवं ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत भवन के चक्कर लगा रही है।



ईकेवाइसी कराने पहुंचे महिलाएं।

### सर्वर डाउन की समस्या ने बढ़ाई परेशानी

जिले के कई बैंकों में आए दिन सर्वर डाउन की समस्या बनी रहती है, जिसके कारण खाताधारकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इधर महतारी वंदन योजना के तहत बैंक खातों का ईकेवाईसी जरूरी हो गया है, जिसके कारण महिलाएं बैंक पहुंचकर खाता अपडेट कर रहे हैं वही सर्वर डाउन की समस्या के कारण महिलाओं को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एक तो ई केवाईसी के पूर्व फॉर्म भरकर उसे जमा करना रहता है। इसके बाद संबंधित कर्मचारी बैंक खातों का ई केवाईसी करते हैं।

### जरूरी है ई केवाईसी

महतारी वंदन योजना के तहत लाभ लेने वाली महिलाओं के बैंक खातों का ई केवाईसी करना जरूरी है। इस संबंध में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी आदेशित किया गया है।

**-श्रीमती अनीता अग्रवाल,**
महिला एवं बाल विकास अधिकारी
जांजगीर-चांपा

# धार्मिक एवं सामाजिक भावना ठेस पहुंचाने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धार्मिक एवं सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बूचीहरदी का है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रामगोपाल डहरिया द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में बताया गया कि 18 मई की रात अजीत कुमार गढ़ेवाल उम्र 38 वर्ष ने बातचीत के दौरान भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, अम्बेडकरवादी साथियों तथा सतनामी समाज के विरुद्ध अपमानित जनक टिप्पणी करते हुए धार्मिक भावनाओं को आहत किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में थाना बलौदा प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिन्हा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मनोहर सिन्हा, सहायक उप निरीक्षक रामदुलार साहू, कौशल सिदार एवं आरक्षक रज्जू रात्रे, टिकेश्वर राठौर, संदीप सोनंत एवं ढोल सिंह धीरहे का योगदान रहा।

### बिना लाइसेंस ट्रेलर चला रहा था चालक, हादसे में मौत

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रेलर चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार यह हादसा रात करीब साढ़े 8 बजे छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 13 एएक्स 0825 को चंद्रपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे बॉक्स ट्रेलर क्रमांक ओडी 16 डी 8336 ने टक्कर मार दी। हादसे में छोटा हाथी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक दशरथ साहू निवासी ग्राम रूचिदा की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक टाइल्स दुकान में बुकिंग का कार्य करता था और काम खत्म कर घर लौट रहा था। घटना के बाद पुसौर पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रारंभिक रूप से धारा 106,1 के तहत अपराध दर्ज किया था।

### नवतपा से पहले ही तपने लगा सूरज, लोगों का जीना मुश्किल

**जांजगीर-चांपा।** जिले में भीषण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। नवतपा 25 मई से प्रारंभ हो रहा है, लेकिन मौसम का तापमान अभी वर्तमान में 44 डिग्री को छू गया है। आने वाले दिनों में गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं दिख रहे हैं। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 10 दिनों तक तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। लगातार बढ़ते तापमान के कारण लू जैसी स्थिति बनने की आशंका जताई गई है। चिकित्सकों का कहना है कि तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर के समय बाहर निकलना लोगों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों एवं बीमार लोगों को अधिक सतर्क रहने की जरूरत है।

# हितग्राहियों का फिंगर लेने के बाद भी नहीं दे रहे तीन महीने का चावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

बिर्रा के शासकीय उचित मूल्य की दुकान में हितग्राहियों का फिंगरप्रिंट लेने के बाद भी उन्हें तीन महीने का चावल नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण हितग्रहियों की परेशानी बढ़ गई है।

गौरतलब है कि बिर्रा के पीडीएस दुकान के अंतर्गत करीब 6 सौ से अधिक राशन कार्डधारी हितग्राही है। नियमों के तहत हितग्राहियों को तीन महीने का चावल एक साथ वितरण करने का आदेश है, लेकिन स्थिति यह है कि फिंगरप्रिंट लेने के बाद भी उन्हें चावल नहीं दिया जा रहा है। शासन ने गरीब परिवार और एपीएल कार्ड धारी को हर माह चांवल वितरण करने के लिए सोसायटी के माध्यम से किया गया था तथा सोसायटी में सभी को हर माह राशन कार्ड से चांवल शक्कर अमृत नमक भी वितरण किया गया किन्तु दिसम्बर से फ़रवरी माह तीन महीने का हितग्राही से फिगर लेने के बाद अधिकांश राशनकार्ड धारी को तीन माह का राशन वितरण नहीं किया गया तथा अभी मार्च अप्रैल दो माह का राशन वितरण किया जा रहा है। जब हितग्राही को फिगर लेने के बाद तीन माह का चांवल ही वितरित नहीं किया गया है और दो माह का राशन वितरण करने की बात को लेकर खाद्य अधिकारी के बीच महिला पुरुष में जमकर हंगामा शुरू किया तथा किसी तरह मामला को गंभीरता से लेकर जिन हितग्राही से तीन माह का राशन नहीं मिला। शासकीय उचित मूल्य की दुकान बिर्रा में तीन माह का राशन वितरण नहीं किया गया और सभी माह का फिगर हितग्राही से लिया गया।



बिर्रा स्थित पीडीएस दुकान में राशन लेने पहुंचे हितग्राही।

### गंभीर मामला

हितग्राहियों का फिंगर लेने के बाद भी उन्हें तीन महीने का राशन वितरण नहीं करना अत्यंत गंभीर मामला है। मामले की जांच कर संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी।

**-सुनील कुमार विश्वकर्मा,**
खाद्य अधिकारी
बम्हनीडीह

# 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**बाराद्वार।** 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम सरवानी का है।

इस संबंध में बाराद्वार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21 मई को मुखबीर की सुचना पर ग्राम सरवानी में टीम बनाकर छापा मारा गया। इस दौरान सरवानी निवासी 42 वर्षीय किरन कुमारी साहू पति नारायण साहू के कब्जे से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया। उक्त शराब की कीमत 15 सौ रुपए बताई जा रही है। आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक नरेन्द्र यादव, प्रधान आरक्षक मनीष राजपुत आरक्षक योगेश राठौर, आरक्षक तकेश्वर कटकवार, महिला आरक्षक आफसा परवीन एवं सैनिक राजेश कंवर का योगदान रहा ।

### खाद की कालाबाजारी रोकने चलाया जा रहा जांच अभियान

# बगैर लायसेंस उर्वरक भंडारण पर कार्रवाई, 60 बोरी यूरिया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती


बगैर लायसेंस के उर्वरक भंडारण पर कार्रवाई करते हुए 60 बोरी यूरिया जब्त किया गया है। कृषि विभाग की टीम ने सक्ती जिले में खाद की कालाबाजारी रोकने जांच अभियान चला रहे है।

ज्ञात हो कि गुरूवार 21 मई को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवं उप संचालक कृषि तरुण कुमार प्रधान के मार्गदर्शन में उर्वरक की असामान्य बिक्री, कालाबाजारी एवं जमाखोरी रोकने के लिए जिला एवं विकासखंड स्तरीय दल द्वारा लगातार निगरानी एवं जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कृषि विभाग जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार विगत दिवस को प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर विकासखंड स्तरीय दल द्वारा विकासखंड डभरा के ग्राम बिरहाभांठा में बाबूलाल उरांव पिता परशुराम उरांव के घर पर छापामार कार्रवाई की गई। जांच के दौरान बिना वैध दस्तावेज के 60 बोरी नीमलेपित यूरिया का भंडारण पाया गया। उक्त मामले में संबंधित कृषक से क्रय बिल एवं जमीन संबंधी दस्तावेज मांगे गए, लेकिन दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर प्रथम दृष्टया उर्वरक की कालाबाजारी कर किसानों को अधिक दर पर बिक्री किए जाने की आशंका पाई गई। इसके फलस्वरूप उर्वरक नियंत्रण आदेश में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए उर्वरक निरीक्षक विकासखंड डभरा द्वारा 60 बोरी नीमलेपित यूरिया को जब्त कर संबंधित व्यक्ति को स्पष्टीकरण जारी किया गया। जब्त उर्वरक को ग्राम कोटवार गंगाधर चौहान की सुपुर्दगी में सौंपा गया। कृषि विभाग द्वारा विकासखंड के समस्त उर्वरक विक्रेताओं, भंडारणकर्ताओं एवं कृषकों से अपील की गई है कि बिना वैध लाइसेंस के उर्वरकों का भंडारण, परिवहन अथवा विक्रय न करें। यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से उर्वरकों का भंडारण कर कालाबाजारी करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



जब्त खाद के साथ अफसरों की टीम।

# समिति ने वर्चुअल जिला जेल में व्यवस्थाओं की ली जानकारी



वर्चुचल के माध्यम से बंदियों से चर्चा करते न्यायाधीश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला जेल समिति द्वारा वर्चुअल माध्यम से बंदियों के स्वास्थ्य एवं भोजन के बारे में जानकारी ली।

ज्ञात हो कि 20 मई को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ऑनलाइन मोड पर जिला जेल जांजगीर का समीक्षा की गई। जिसके तहत बंदियों को दी जाने वाली भोजन, लीगल एड क्लीनिक में दी जाने वाली सुविधाओं, निशुल्क अधिवक्ता नियुक्ति, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के कार्यों, बंदियों के परिवार जनों के लिए मुलाकाती सहायता केंद्र के कार्यों की जानकारी देते हुए बंदियों से उनके शिकायत, बंदियों की समस्याओं, किशोर बंदियों के संबंध में जानकारी व गिरफ्तारी वारंट में अंदर हुए बंदियों और जमानत संबंधी परेशानियों के संबंध में जानकारियां ली गई, ताकि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत सभी बंदियों को जमानत संबंधी कार्यवाही में सहायता किया जा सके। साथ ही वरिष्ठ एवं गंभीर रूप से बिमार बंदियों की जानकारी वर्तमान में गर्मी को देखते हुए बंदियों के लिए उचित पेयजल की व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सुविधा के संबंध में जरूरी जानकारी बंदियों से ली गई।

# जिले में दौड़ने लगे 22 अत्याधुनिक 112 वाहन, मिलेगी त्वरित मदद

## सुरक्षा व्यवस्था और होगी पुख्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की सड़कों पर 22 अत्याधुनिक डायल 112 गाड़ी दौड़ने लगी हैं। आमजनता इमरजेंसी के समय इस वाहन का इस्तेमाल कर सकेंगे। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन सहित अन्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर सभी वाहनों को एक साथ रवाना किया।

उल्लेखनीय है कि पूरे प्रदेश के 33 जिलों के लिए नेक्स्ट जेन सीजी डायल -112 सेवा के अंतर्गत 400 से अधिक अत्याधुनिक वाहनों एवं 32 मोबाइल फॉरेंसिक वैन को पहले हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। इसी कड़ी में जिले को 22 अत्याधुनिक डायल-112 वाहन प्राप्त हुए हैं, जिनका बुधवार को शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महापौर संजू देवी राजपूत, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित पुलिस के आला अफसर एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इन वाहनों को जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर स्थापित किया जाएगा, ताकि आम नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके। इन अत्याधुनिक वाहनों में स्मार्टफोन, जीपीएस, वायरलेस रेडियो, पीटीजेड एवं डैश कैमरा, मोबाइल एनवीआर तथा सोलर बैकअप जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। जिससे घटनास्थल की लाइव मॉनिटरिंग, रीयल-टाइम ट्रैकिंग एवं त्वरित संचार सुनिश्चित किया जा सकेगा। यह सेवा 24x7 आम जनता की सुरक्षा एवं सहायता हेतु उपलब्ध रहेगी।

**खास बात**

- उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने हरी झंडी दिखाकर डायल 112 वाहनों को किया रवाना



### डायल-112 एक्के नम्बर, सब्बो बर

प्रदेश में सड़क दुर्घटना, मेडिकल इमरजेंसी, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा सहित विभिन्न आपात परिस्थितियों में अब नागरिकों को और अधिक त्वरित, सुरक्षित एवं प्रभावी सहायता प्राप्त होगी। नागरिक वॉयस कॉल, एसएमएस, ईमेल, वेब पोर्टल, वाट्सअप, चैटबॉट एवं एसओएस -112 इंडिया ऐप के माध्यम से भी सहायता प्राप्त कर सकेंगे। इन वाहनों में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ आमजन की सेवा हेतु चौबीस घंटे तत्पर रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### विप्र महिलाओं ने गौ माता को खिलाया चारा व गुड़

**कोरबा।** राष्ट्रीय ब्राह्मण महिला प्रकोष्ठ जिला कोरबा इकाई की नवगठित कार्यकारिणी द्वारा संस्था की सामाजिक सरोकार गतिविधियों के अंतर्गत गौसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत भवानी मंदिर कोरबा परिसर के समीप स्थित गौशाला जाकर संस्था की विप्र भगिनियों द्वारा गौ माताओं की पूजा अर्चना कर उन्हें हरा चारा एवं गुड़ खिलाया गया तथा गौशाला प्रबंधन हेतु नगद राशि का दान भी किया गया। समाज की बहनों द्वारा अपने पर्यावरण, संस्कृति एवं गौ माता के संरक्षण एवं सेवा करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर संस्था की प्रांतीय पदाधिकारी कामायनी दुबे, ऊषा पांडे, भूतपूर्व अध्यक्ष चंद्रबाला शुक्ला सहित जिला इकाई की वर्तमान पदाधिकारी ज्योत्सना दांडेकर, उपाध्यक्ष हेमलता शर्मा, मौसमी तिवारी, ममता तिवारी, स्मिता शर्मा, विनीता तिवारी आदि समाज की बहनें उपस्थित रहीं।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ एटीसी कैंप का समापन



**कोरबा।** जिले में 1 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में आयोजित एटीसी 124 कैम्प का सोमवार को समापन हुआ। अंतिम दिन भव्य रंगारंग समापन समारोह का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम के आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, यातायात एएसआई मनोज राठौर, सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य राजकुमार देवांगन शामिल हुए। जहां कई दिनों तक चले इस कैंप में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एनसीसी के छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। बताया जाता है एनसीसी कैडेट्स को स्पोर्ट्स ड्रिल, फायरिंग समेत अन्य साहसिक गतिविधियों में प्रशिक्षित किया गया। अंतिम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कैंप को सफल बनाने में एएनओ, सीटीओ पीआई ऑफिस स्टॉफ समेत सभी का सहयोग रहा। कैंप के अंतिम में समापन समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स को पुरस्कृत किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। पुरस्कारों व प्रमाण पत्रों का वितरण एडम करनाल अमित यादव और 1 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी के ग्रुप कमांडर एस सैंथिल कुमार द्वारा किया गया। एनसीसी कैंप में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 900 से अधिक कैडेट्स शामिल हुए थे।

### साहू बने छत्तीसगढ़ बास्केटबॉल टीम के कोच



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ पुरुष बास्केटबाल टीम का कोच हिरबाश साहू को नियुक्त किया गया है। कोरबा निवासी श्री साहू 76वीं जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में टीम का नेतृत्व एवं मार्गदर्शन करेंगे। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 22 से 29 मई तक आयोजित की जाएगी। श्री साहू के नेतृत्व में टीम 19 मई 2026 को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए रवाना हो गई है। हिरबाश साहू लंबे समय से बास्केटबॉल खेल एवं खिलाड़ियों के प्रशिक्षण से जुड़े हुए हैं और उनके मार्गदर्शन में कई खिलाड़ियों ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

### अधेड़ व्यक्ति ने फांसी लगाकर कर ली खुदकुशी

**कोरबा।** 49 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। पुलिस के मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रलिया निवासी महेत्तर सिंह उम्र 49 वर्ष पिता अमर सिंह ने अपने घर में फांसी लगा ली।




## कोरबा विकासखंड में छात्रों की दर्ज संख्या सर्वाधिक

# नए शिक्षण सत्र के पहले जनशिक्षा केंद्रों में पहुंची स्कूल ड्रेस, किताबों के लिए करना पड़ेगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नए शिक्षण सत्र शुरू होने के पूर्व प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्कूल के छात्रों के लिए ड्रेस और किताबों के वितरण की तैयारियां शुरु हो गई हैं। इस वर्ष ड्रेस की आपूर्ति मई महीने में ही शुरु हो गई। जनशिक्षा केंद्रों तक इसे पहुंचाया गया है। वहीं किताबों के लिए छात्रों को इंतजार करना पड़ेगा। किताबों की आपूर्ति जिले में नहीं हुई है। शैक्षणिक कैलेंडर अनुसार 16 जून से शाला प्रवेशोत्सव के साथ नए शिक्षण सत्र की शुरुआत हो जाती है। इस दौरान छात्रों की दी जाने वाली निःशुल्क किताबों व ड्रेस का वितरण भी शुरु हो जाता है। मई महीने में किताबें और ड्रेस की आपूर्ति सभी जन शिक्षा केंद्रों में शिक्षा विभाग के द्वारा कराया जाता है। शिक्षण स्त्र 2026-27 की शुरुआत 16 जून से होगी। इसके पूर्व ड्रेस की आपूर्ति सभी जन शिक्षा केंद्रों में शुरु हो गई है। अधिकांश जन शिक्षा केंद्रों में जन शिक्षा केंद्र प्रभारियों को ड्रेस वितरण की जिम्मेदारी दे दी गई है। प्रत्येक छात्रों को 2 जोड़ी ड्रेस का वितरण किया जाएगा।

**खास बात**

- प्राथमिक व माध्यमिक शाला के छात्रों को किया जाता है वितरण


फाइल फोटो

### ड्रेस की सप्लाई की जा रही है

नए शिक्षण सत्र शुरू होने के पहले ड्रेस और किताबों की आपूर्ति सभी जन शिक्षा केंद्रों में कर दी जाएगी। ड्रेस की आपूर्ति का काम चल रहा है। जैसे ही किताबें जिले में पहुंचेंगी उनका भी वितरण शुरु कर दिया जाएगा।

-टी पी उपाध्याय, डीईओ

### निजी स्कूलों को भी मिलती हैं किताबें

राज्य शासन के द्वारा निःशुल्क किताबों का वितरण सरकारी स्कूलों के अलावा निजी स्कूलों में भी कराई जाती है। जिले के शहरी और ग्रामीण अंचल मिलाकर निजी स्कूलों की संख्या 3 सौ से अधिक है। विकासखंडवार दर्ज संख्या की दृष्टि से सर्वाधिक छात्र कोरबा विकासखंड के स्कूलों में दर्ज है। शहरी और ग्रामीण अंचल मिलाकर प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में लगभग 30 हजार से अधिक बच्चे अध्ययनरत हैं।

### निजी स्कूल चलाते हैं अपना सिलेबस

सरकार के द्वारा निःशुल्क किताबों की सहायता दिए जाने के बाद भी सीजी बोर्ड से मान्यता लेकर चलने वाले निजी स्कूल कक्षा पहली से ही अपना सिलेबस भी चलाने लगते हैं जबकि राज्य शासन के द्वारा उन्हें भी निशुल्क किताबें उपलब्ध कराई जाती है उसके बावजूद निजी स्कूल प्रबंधन अपना सिलेबस चलाकर अभिभावकों पर आर्थिक बोझ डाल रहे हैं।

# कोयला लेकर जा रही मालगाड़ी के इंजन के चक्के पटरी से उतरे



पटरी से उतरे मालगाड़ी के इंजन के पहिये।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुण्डा खदान के कमका साइडिंग में सोमवार मंगलवार दरमियानी रात कोयला लेकर भूपदेवपुर जा रही मालगाड़ी के पीछे लगे इंजन के चक्के पटरी से उतर जाने से लगभग 3 घंटे तक कोल परिवहन प्रभावित रहा। घटना की जानकारी सामने आयी है। रात 10.15 बजे से हुई इस घटना के बाद रात 1 बजे तकनीकी विभाग की टीम के द्वारा इंजन के चक्कों को पटरी पर लाया जा सका तब जाकर कोल परिवहन बहाल हो सका।

कुसमुण्डा खदान के कमका साइडिंग से रायगढ़ जिले के भूपदेवपुर के लिए कोयला लोड कर जाने वाली मालगाड़ी में पीछे की ओर लगे इंजन के चक्के कोयला लोडिंग के दौरान ही पटरी से उतर गए। जैसे ही यह जानकारी एसईसीएल और रेलवे के अधिकारियों को लगी मौके पर पहुंचे दोनों विभाग के अधिकारियों की टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया। रेलवे और एसईसीएल की तकनीकी विभाग की टीम लगभग 3 घंटे तक पटरी से उतरे इंजन के चक्कों को पटरी पर लाने का काम करती रही रात्रि लगभग 1 बजे स्थिति बहाल की जा सकी। इस मामले में बताया जाता है कि इंजन के लगभग 6 चक्के पटरी से उतर चुके थे। जिससे संतुलन बिगड़ गया था। एसईसीएल और रेलवे प्रबंधन इस घटना से किसी भी तरह की कोल परिवहन के प्रभावित होने की बात से इंकार कर रहा है।

# जल जीवन मिशन, फर्जी ग्राम सभा कर पंचायत को कर दिया हैंडओवर



क्षेत्र में बनाई गई टंकी, घर में दिया गया नल कनेक्शन का टूटा प्लेटफार्म।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

आकांक्षी ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा में जल जीवन मिशन के कार्यों में किस तरह की गड़बड़ी की गई इसका उदाहरण ग्राम पंचायत घरीपखना और घुंचापुर में सामने आया है। जहां पानी की सप्लाई आज तक शुरू नहीं हो सकी है और काम को फर्जी ग्रामसभा के आधार पर पंचायत को हैंडओवर बताकर कार्य का पूरा भुगतान भी ठेकेदार ने विभाग से प्राप्त कर लिया है। आश्चर्य की बात है कि ग्राम पंचायत को हैंडओवर हुआ या नहीं इस मामले में जनपद सीईओ सहित पीएचई के ईई अनभिज्ञ बने हुए हैं।

अक्टूबर 2025 में पीएचई विभाग और संबंधित ठेकेदार की मौजूदगी में ग्राम पंचायत में हैंडओवर प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी, लेकिन महीनों बाद भी हालात जस के तस बने हुए हैं। गांव के लोग आज भी पानी की मूलभूत सुविधा से जूझ रहे हैं। घुचापुर गांव में पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई, तो आखिर 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने की रिपोर्ट कैसे तैयार हो गई? ग्रामीणों का आरोप है कि योजना को जानबूझकर कागजों में पूरा दिखाकर भुगतान निकालने का रास्ता साफ किया गया। बताया जा रहा है कि पंचायत को हैंडओवर के बाद ठेकेदारों को विभाग की ओर से भारी भुगतान जारी किया जाता है, जिससे पूरे मामले में मिलीभगत की आशंका और गहरी हो गई है। मामला सिर्फ जल सप्लाई तक सीमित नहीं है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि योजना के तहत बनाए गए कई प्लेटफॉर्म कुछ ही समय में टूटने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि काम सही तरीके से हुआ होता, तो कम से कम बुनियादी ढांचा मजबूत दिखाई देता। सूत्र यह भी दावा कर रहे हैं कि घुचापुर अकेला मामला नहीं है, बल्कि ऐसे कई गांव हैं जहां 10 प्रतिशत भी काम पूरा नहीं हुआ, लेकिन 80 प्रतिशत तक भुगतान कर दिया गया। यदि इन दावों में सच्चाई है, तो यह सिर्फ एक गांव का मामला नहीं बल्कि जल जीवन मिशन में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता और प्रशासनिक लापरवाही का संकेत हो सकता है।

### सरपंच ने कहा नहीं हुआ हैंडओवर

इस पूरे मामले में एक और बड़ा मोड़ तब आया जब ग्राम पंचायत के सरपंच ने आधिकारिक हैंडओवर होने से इनकार किया। सरपंच का कहना है कि पंचायत स्तर पर विधिवत प्रक्रिया नहीं हुई। ऐसे में सवाल और गंभीर हो जाता है कि अगर पंचायत ने अधिकारिक रूप से जिम्मेदारी नहीं ली, तो रिकॉर्ड में हैंडओवर कैसे दर्ज हो गया?

### लेनी होगी जानकारी

घुंचापुर व घरीपखना में जल जीवन मिशन के काम ग्राम पंचायत को हैंडओवर किए गए हैं या नहीं वह सूची देखकर ही बता सकेंगे। जिले में 119 ग्राम पंचायतों में जलजीवन मिशन का काम पूरा कर हेंडओवर कर दिया गया है।

-रमन उरांव
कार्यपालन अभियंता पीएचई

### जनपद को नहीं देते

जल जीवन मिशन के तहत कितनी पंचायतों को काम पूरा होने के बाद हैंडओवर कर दिया गया है इसकी रिपोर्ट जनपद पंचायतों को नहीं दी जाती। सीधे पीएचई विभाग को ही दी जाती है।

-जयप्रकाश डडसेना
सीईओ जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा

### करंट के चपेट में आया युवक झुलसा

**कोरबा।** एक 21 वर्षीय युवक निर्माणधीन मकान में काम कर रहा था। इसी दौरान घर के करीब से गुजरे 11 केवी तार के संपर्क में आ जाने से वह बुरी तरह से झुलस गया है। जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत आरामशीन बस्ती में एक मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। जहां अजय चौहान नामक युवक अपने साथियों के साथ कार्य कर रहा था, कि इसी दौरान घर के करीब से गुजरे 11 केवी तार के संपर्क में आ गया और सीधे ऊपर से नीचे गिर गया। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों व अन्य मजदूरों की सहायता से अजय चौहान को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

# तहसील कार्यालय परिसर में की मारपीट, मचाया उत्पात

**वाड्रफनगर।** तहसील कोर्ट में सुनवाई के दौरान दो पक्षों के बीच शुरू हुए विवाद में जमकर लाठी डंडा चला। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर हमला कर दिया और मारपीट की जिससे तहसील और सिविल कोर्ट परिसर में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में भी जमकर वायरल हुआ। अब मामले में तहसीलदार की शिकायत के बाद पुलिस ने मारपीट करने वाले दस लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है की वाड्रफनगर तहसीलदार गुरुदत्त पंचभाय के कोर्ट में 19 मई को पक्षकार आवेदक इलियासुद्दीन आ. जलालुद्दीन के विरूद्ध अनावेदक रसीद आ. इलियास, अफजल आ. इलियास, इलियास आ. इस्ताज के प्रकरण की सुनवाई हो रही थी। सुनवाई के दौरान इसी दरम्यान अनावेदक पक्ष के पक्षकार एवं उनके साथ साक्ष्य हेतु उपस्थित गवाहों द्वारा दूसरे पक्ष के अधिवक्ता के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए वाद विवाद एवं मारपीट करने लगे। इसके साथ ही कोर्ट रूम से बाहर तहसील एवं सिविल कोर्ट परिसर में दोनों पक्षों द्वारा आपस में मारपीट की गई जिससे परिसर में दहशत का माहौल निर्मित हुआ और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। तहसीलदार की शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में ग्राम परसडीहा निवासी अफजल आ. इलियास, इलियास आ. इस्ताज, इलियासुद्दीन आ. जलालुद्दीन, अमरनाथ गहरवरिया आ. गंगाराम, इन्द्रास आ. स्व. इस्ताज, उदयनाथ गहरवरिया आ. त्रिवेणी, रामसकल वर्मा आ. जवाहिर, चन्द्रवली गहरवरिया आदि है।



## खरीफ फसल की तैयारी में जुटे किसान

# जिले में कृषकों के लिए उर्वरक का वितरण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के किसानों द्वारा खरीफ की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। जिले में इस वर्ष उर्वरक वितरण हेतु 18480 मे.टन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, तथा वर्तमान में 7504 मे.टन उर्वरक का भंडारण कर दिया गया है। जिले में किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु 19 नवीन सहकारी समितियों का गठन किया गया हैं जिससे जिले में 60 सहकारी समितियों के होने से कृषकों को खाद उठाव में किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को लगातार उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है।

उप संचालक डी.पी.एस. कंवर के द्वारा सभी उर्वरक विक्रेताओं को खरीफ वर्ष 2026 में सभी वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने एवं कृषकों को पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में विगत दिनों सभी निजी उर्वरक विक्रेताओं की बैठक आयोजित कर नियमानुसार उर्वरक का व्यवसाय करने हेतु निर्देश दिया गया है। विभाग द्वारा अनुदानित उर्वरकों यूरिया, डीएपी, एनपीके, एमओपी, एसएसपी के साथ किसी अन्य सामग्री की टैगिंग प्रतिबंधित की गई है। जिला में निगरानी समिति का गठन कर उर्वरकों की बिक्री पर कड़ी नजर रखते हुये उर्वरकों के अवैध भंडारण, जमाखोरी, कालाबाजारी, अधिक दर आदि के संबंध में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जा रही है।


सोसायटी से खाद का उठाव करते किसान।

**ईश्तहार**

इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमान शांतिलाल कौशिक पिता जवाहर लाल कौशिक निवासी ग्राम कोसमंदा तहसील चांपा जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) खसरा नं. 2176/28 रकबा 0.010 हेक्टेयर मौजा ग्राम कोसमंदा प.ह.नं. 05 तहसील चांपा जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में स्थित है श्रीमान छोटेलाल साहू पिता सुनहर साहू निवासी ग्राम कोसमंदा इसके बाद विक्रेता खसरा नं. 2176/28 रकबा 0.010 हेक्टेयर और क्रेता मनोज साहू पिता बुधराम साहू निवासी ग्राम कोसमंदा को विक्रय विलेख दिनांक 22/10/2019 द्वारा खरीदा गया था जिसका दस्तावेज क्रमांक 1237 है। मेरे पक्षकार शांतिलाल कौशिक उक्त सम्पत्ति के पूर्ण स्वामी होने का दावा करते हैं। उक्त विक्रय विलेख की मूल प्रति गुम हो गया है। जिसकी सूचना शांतिलाल कौशिक द्वारा दिनांक 07/05/2026 को थाने में दी गई है।

किसी भी व्यक्ति, संस्था, कम्पनी, बैंक या हित किसी भी प्रकृति का दावा मांग या आपत्ति है जो भी एंजेट या उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी हिस्से के संबंध में है उनसे अनुरोध की वे 07 दिवस की अंदर सहायक दस्तावेजी साक्ष्य के साथ अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में सूचित करें। इसके बाद की तारीख से 07 दिवस के बाद ऐसा कोई दावा या आपत्ति आदि पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त सम्पत्ति को सभी बाधाओं से मुक्त माना जावेगा। मेरे उक्त ग्राहक इसे खरीदने के लिए आगे बढ़ेंगे। सो सूचना जाने....

श्री भरतलाल बघेल
अधिवक्ता
मो.नं.- 7999014274

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं गणेश यादव (माता/पिता/पालक का नाम) सुपुत्र नितेश कुमार यादव (NITESH KUMAR YADAV) निवासी वार्ड नंबर 01, ग्राम पोस्ट लखाली, तहसील सारागांव, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) की स्थायी निवासी हूँ। यह की मेरे नाबालिक सुपुत्र का नाम नितेश कुमार यादव (NITESH KUMAR YADAV)(पुराना नाम) से बदल कर रितेश कुमार यादव (RITESH KUMAR YADAV) (नया नाम) करवाना चाहता हूँ। यह की मेरे पुत्र के शिक्षा अंकसूची में रितेश कुमार यादव (RITESH KUMAR YADAV) के नाम से दर्ज है। यह कि मै अपने पुत्र के पुराने नाम से किसी भी प्रकार का न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नही हैं और न ही किसी बैंक मे ऋण की राशि शेष हैं। यदि मैं अपने पुत्र का नाम बदलकर कोई गैर कानूनी काम करता हूँ तो उसके लिए मै स्वयं पूर्णतः जिम्मेदार रहूँगा। अतः भविष्य मेरे सुपुत्र को रितेश कुमार यादव (RITESH KUMAR YADAV) के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा जावें। सो सूचना जाने।

भवदीय
गणेश यादव
ग्राम लखाली तहसील सारागांव
जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)





# कश्मीर की वादियों में शूटिंग कर रहे कार्तिक, कबीर के साथ फिर बनी जोड़ी

**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। कार्तिक एक बार फिर 'चंदू चैंपियन' के बाद निर्देशक कबीर खान के साथ शूटिंग कर रहे हैं। शूटिंग इन दिनों जम्मू-कश्मीर में चल रही है। अब शूटिंग के सेट से कार्तिक आर्यन का एक वीडियो सामने आया है। इसमें कार्तिक सेट पर घूमते नजर आ रहे हैं। फिल्म की शूटिंग के दौरान सेट से जो वीडियो सामने आया है, उसमें कार्तिक आर्यन सर्दी से बचने के लिए सिर पर कैप (टोपी) लगाए और कश्मीरी फेरन (बड़ा सा ओवरकोट) पहने नजर आ रहे हैं। कार्तिक सेट पर गंभीर मुद्रा में टहलते नजर आ रहे हैं। जबकि सेट पर फिल्म से जुड़े अन्य लोग भी दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, फिल्म को लेकर अभी कोई अधिक जानकारी सामने नहीं आई है।



लाइफ Style

# जैकलीन
## स्ट्रैपलेस ब्लैक मिनी ड्रेस में ढाया कहर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस साल 12 मई से शुरू हुआ कान फिल्म फेस्टिवल अब अपने समापन की तरफ है। यह फेस्टिवल 23 मई तक चलेगा। आलिया भट्ट से हुमा कुरैशी तक, कई भारतीय एक्ट्रेस ने इस प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई है।

कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेस के बाद जैकलीन फर्नांडीज भी कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत की है। पिछले साल भी वह इस इवेंट में शामिल हुईं। इस बार कान फेस्टिवल में उनका लुक सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। जैकलीन फर्नांडिज ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर कान फिल्म फेस्टिवल से अपनी कई ग्लैमरस तस्वीरें साझा की हैं। अलग-अलग दिलकश पोज देते हुए जैकलीन ने फोटो क्लिक करवाई हैं। जैकलीन ने स्ट्रैपलेस ब्लैक मिनी ड्रेस इस इवेंट के लिए पहनी है। इस हॉट ड्रेस में एक्ट्रेस को देखकर फैंस उन पर फिदा हो गए हैं। अपने इस लुक को और भी स्टनिंग बनाने के लिए जैकलीन ने स्माई आई मेकअप किया है। न्यूट्रल शेड की लिपस्टिक लगाई है। जैकलीन ने हेयरस्टाइल ना बनाकर बालों को खुला रखा है और ड्रेस के साथ डायमंड नेकलेस और मैचिंग डायमंड ब्रेसलेट पहना है। जैकलीन की दिलकश तस्वीरों को फैंस के अलावा दिशा पाटनी, सोनम बाजवा और अनुष्का दांडेकर जैसी एक्ट्रेस ने भी लाइक किया है। जैकलीन फर्नांडीज के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह पिछले साल फिल्म 'फतेह' में नजर आईं। हाल ही में वह फिल्म 'हाउसफुल 5' में दिखीं।

हॉलीवुड मसाला



# डॉक्यूमेंट्री रिलीज पर हुईं भावुक

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार काइली मिनोग ने अपनी डॉक्यूमेंट्री 'काइली' में अपने जीवन से जुड़ी कई बड़ी बातों का खुलासा किया है। डॉक्यूमेंट्री के लॉन्च इवेंट पर काइली भावुक हो गईं। उन्होंने पूर्व में हुई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को याद किया और स्तन कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से निजी तौर पर लड़ने के बारे में साझा किया। इस डॉक्यूमेंट्री में काइली ने बताया कि वो एक बार नहीं, बल्कि दो बार कैंसर से लड़ चुकी हैं। वह दूसरी बार 2021 में इस बीमारी से पीड़ित हुई थीं।



# जॉन ने जताई धुरंधर देखने की ख्वाहिश...

**लॉस एंजिल्स।** रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' के पहले और दूसरे दोनों पार्ट ने खूब धमाल मचाया है। देश ही नहीं, विदेशों तक इस फ्रेंचाईजी का हल्ला रहा। इस बीच हाल ही में हॉलीवुड एक्टर एक्टर जॉन क्रांसिस्की ने 'धुरंधर' देखने की ख्वाहिश जताई है। बता दें कि जॉन क्रासिंस्की इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'जैक रायन- द घोस्ट' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म हाल ही में प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। फिल्म में जॉन ने स्पाई की भूमिका अदा की है। उनका किरदार कुछ ऐसा ही है, जैसा फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' में रणवीर सिंह का है। रणवीर ने 'धुरंधर 2' में हमजा अली मजारी/ जसकीरत सिंह रंगी की भूमिका अदा की है, जो अपने देश की खातिर अपनी जिंदगी दांव पर लगा देता है। जॉन ने भारतीय सिनेमा को सबसे आधुनिक फिल्ममेकिंग में से एक बताया और इस इंडस्ट्री से आ रहे काम की तारीफ की।



# अली की फिल्म में अहान की एंट्री

**मुंबई।** अहान पांडे की रोमांटिक ड्रामा हिट फिल्म 'सैयारा' के बाद से ही फैंस उनकी आगामी फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अहान जल्द ही पहली बार बड़े पर्दे पर एक अलग तरह के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर करेंगे। अहान पांडे ने अपनी पहली ही फिल्म 'सैयारा' से बॉलीवुड में एक रोमांटिक हीरो के रूप में अपनी खास पहचान बना ली है। आज की युवा पीढ़ी उनकी दीवानी हो चुकी है। इस फिल्म से पहले अहान का एक वेडिंग डांस वीडियो यूट्यूब पर काफी वायरल हुआ था, जिसे 46 मिलियन (4.6 करोड़) से ज्यादा बार देखा गया। इस वीडियो में वह अलाना पांडे की शादी में अनन्या पांडे के साथ 'सात समुंदर पार' और अकेले 'आई एम द बेस्ट' गाने पर नाचते हुए दिखे थे।



# परिणीता की वजह से मिली है हैवान...

**नई दिल्ली।** सैफ अली खान इन दिनों फिल्म कर्तव्य'को लेकर सुर्खियों में हैं, जो ओटीटी पर रिलीज हुई है। इसके अलावा उनकी झोली में फिल्म हैवान है, जिसमें वे अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशक प्रियदर्शन हैं। अक्सर कहा जाता है कि नींव मजबूत हो तो आगे की इमारत अपने आप मजबूत हो जाती है। यही बात इंसान की परफॉर्मेंस पर भी लागू होती है। शानदार काम ही भविष्य में और काम दिलाने में मददगार होता है। ऐसा ही किस्सा सैफ अली खान से जुड़ा है। अभिनेता को अपनी आगामी फिल्म 'हैवान' अपनी ही एक 20 साल पुरानी फिल्म 'परिणीता' में दमदार परफॉर्मेंस के कारण मिली। सैफ अली खान के मुताबिक, साल 2005 में आई फिल्म 'परिणीता' में उनकी भूमिका और अभिनय ने उन्हें प्रियदर्शन की 'हैवान' दिलाने में मदद की।

टीवी मसाला




# केपटाउन में खतरों के खिलाड़ी 15 की शूटिंग शुरू

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे पॉपुलर स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 जल्द ही शुरू होने वाला है। पिछले साल 15वां सीजन नहीं आ पाया था। अब दो साल के इंतजार के बाद शो शुरू होने के नजदीक है। खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 की अनाउंसमेंट काफी पहले ही हो चुकी है। साथ ही शो के सभी कंटेस्टेंट्स का नाम भी रिवील कर दिया गया है। हाल ही में, एक इवेंट में सारे खिलाड़ी एक साथ नजर आए थे। अब सभी केपटाउन भी पहुंच गए हैं। खतरों के खिलाड़ी 15 की शूटिंग साउथ अफ्रीका के केप टाउन में हो रही है। इस शहर में पहले भी शूटिंग हो चुकी है। एक बार फिर खिलाड़ी अपना इस शहर में खतरों से खेलेंगे। शो की शूटिंग भी शुरू हो गई है। स्टंट शो से जुड़े कंटेस्टेंट्स एक के बाद एक फोटोज केप टाउन से शेयर कर रहे हैं। रुबीना दिलैक ने अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए एक ऐसा कैप्शन दिया था जो खतरों के खिलाड़ी 15 की ओर हिंट करता है। उन्होंने लिखा, "तूफान से पहले की शांति... अभी या कभी नहीं।" वहीं बाकी कंटेस्टेंट्स भी केप टाउन से तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर रहे हैं। रोहित शेट्टी होस्टेड स्टंट शो के नए सीजन की खास बात यह है कि इस बार पुराने कंटेस्टेंट्स भी शो का हिस्सा हैं। इस बार खतरों से खेलने वाले कंटेस्टेंट्स की लिस्ट में रुबीना दिलैक, फरहाना भट्ट, गौरव खन्ना, करण वाही, रित्विक धनजानी, हर्ष गुजराल, ओरी, जैस्मिन भसीन, शगुन शर्मा, अविनाश मिश्रा, रुहानिका धवन, अविका गौर, विशाल आदित्य सिंह हैं।

## ट्रेन टिकट स्कैम का पर्दाफाश करेंगे मुन्ना भैया


**नई दिल्ली।** आम जनमानस की समस्याओं से जुड़ी कहानियों को सिनेमा में अक्सर दिखाया जाता रहा है, जिसमें कई किस्म की धांधली के किस्से भी शामिल हैं। वर्तमान में लोगों के लिए ट्रेन के तत्काल आरक्षित टिकट पाना



भी एक बड़ी चुनौती होती है। ऐसे में फिल्म सत्यप्रेम की कथा के निर्देशक समीर विद्वांस ने इस विषय पर वेब सीरीज वेटिंग है बनाई है। इस शो में अभिनेता दिव्येंदु शर्मा के साथ यशपाल शर्मा, भुवन अरोड़ा, कुमुद मिश्रा, हर्षिता गौर और विजय मौर्या जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में होंगे। वेटिंग है वेब सीरीज को जल्द ही अमेजन एमएक्स प्लेयर पर प्रदर्शित किया जाएगा। शो से जुड़े सूत्रों के अनुसार, शो की शूटिंग पूरी हो चुकी है और पोस्ट प्रोडक्शन का काम भी लगभग पूरा हो चुका है। यह शो तत्काल ट्रेन टिकट के आरक्षण में होने वाली धांधली पर आधारित है। माना जा रह है कि वेटिंग है सीरीज के निर्माताओं की तरफ से जल्द ही इस शो की रिलीज डेट की आधिकारिक घोषणा की जा सकती है।

# 'खुदा की एक महर है मुझ पर ट्रिगर दबाकर अफसोस नहीं करता'

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर उर्फ तारक ने मंगलवार को अपना 43वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उनकी अपकमिंग फिल्म 'ड्रैगन' के मेकर्स ने फिल्म की एक झलक फैंस के साथ साझा की है। साढ़े 4 मिनट की इस फर्स्ट ग्लिम्प्स से फिल्म की कहानी के बारे में काफी कुछ अंदाजा लगाया जा सकता है। वैसे तो इस टीजर में काफी कुछ खास है पर सबसे ज्यादा खास है जूनियर एनटीआर की झलक, जिसने फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है। चार मिनट 29 सेकेंड के फर्स्ट ग्लिम्प्स में दिखाया गया है कि अंग्रेज भारत में आए तो मसालों और स्टील का कारोबार करने के लिए थे, लेकिन यहां उन्होंने अफीम और फिर हेरोइन की खेती करनी शुरू कर दी। वो यहां हेरोइन उगाते थे और पूरी दुनिया में इसका कारोबार करते थे। जब वो देश छोड़कर चले गए तो यहां हेरोइन के कारोबार के लिए संघर्ष होता रहा। फर्स्ट ग्लिम्प्स में जूनियर एनटीआर को एक विलेन के रूप में दिखाया गया है। वो अफगान ट्रेडिंग कंपनी के प्रमुख हत्यारे लूगर बने हैं। वह इतने खतरनाक रोल में हैं कि उन्हें पता नहीं कि उन्होंने अब तक कितने मर्डर किए हैं। मेकर्स ने उन्हें खुदा के हाथों बनाए शैतान की तरह



इंट्रोड्यूस किया। ट्रेलर में उनका एक डायलाग है, 'खुदा की एक महर है मुझ पर.. ट्रिगर दबाकर अफसोस नहीं करता।' वहीं, एक और सीन में वो कहते हैं, 'सोते वक्त सपने में उनकी शक्ल नहीं आती जिनको मारा है। सिर्फ उनकी आती है जो अभी तक बचे हैं। भटकते हुए भी मेरे सपनों में मत आ जाना..।' फिल्म 'ड्रैगन' एक पैन इंडिया फिल्म है, जो एक्शन से भरपूर होगी। इसका निर्देशन प्रशांत नील कर रहे हैं। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर अहम किरदार में हैं। फिल्म को बनाने में बड़ा बजट लगा है। यह फिल्म अगले साल यानी 11 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, इस फर्स्ट ग्लिम्प्स के अंत में अनिल कपूर की झलक सामने आती है। वो इसमें एक हीरो के रोल में हैं। फिल्म में अनिल, नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख रघुवीर राठौड़ के किरदार में नजर आएंगे। इसके अलावा बीजू मेनन और रुक्मिणी वसंत समेत कई कलाकार होंगे। इस फिल्म की झलक सामने आने के बाद से एनटीआर फिर चर्चा में हैं। वो इससे पहले भी कई फिल्मों में अपना लुक बदल चुके हैं। कभी वो फिट तो कभी फैंटास्टिक नजर आए हैं पर एक्टर का यह लुक तो जरूरत से ज्यादा लीन है। यहां वो कई सीन में पहचान में भी नहीं आ रहे।

# ऑफ कैंपस की एक्ट्रेस मिका ने दिलाई महिमा की याद...

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर आई नई सीरीज 'ऑफ कैंपस' इन दिनों सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा में बना हुआ है। 13 मई को रिलीज हुई इस सीरीज को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। शो की लव स्टोरी और लीड एक्टर्स की केमिस्ट्री के अलावा एक और चीज ने फैंस का ध्यान खींच लिया है, और वो हैं एल्ली हेज का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मिका अब्दल्ला। सोशल मीडिया पर कई लोग मान रहे हैं कि मिका की शक्ल बॉलीवुड एक्ट्रेस महिमा चौधरी से काफी मिलती-जुलती है। एक इंस्टाग्राम यूजर ने शो का एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'प्लॉट ट्विस्ट: महिमा चौधरी की असली बेटी तो 'ऑफ कैंपस' में हैं।' इसके साथ उन्होंने महिमा की पुरानी



तस्वीरें भी शेयर कीं। इस पोस्ट के बाद फैंस के कमेंट्स की बाढ़ आ गई। एक यूजर ने लिखा, 'मुझे भी बिल्कुल यही लगा, वो महिमा चौधरी की कॉपी लगती हैं।' वहीं, दूसरे ने कहा, 'उसका साइड लुक बिल्कुल महिमा जैसा है।' एक और फैन ने मजाकिया अंदाज में लिखा, 'अगर हैना मॉन्टेना और महिमा चौधरी का बच्चा होता, तो शायद ऐसा दिखता।' कई लोगों ने तो उन्हें फिल्म परदेस वाली महिमा चौधरी का डुप्लीकेट तक बता दिया। बता दें कि मिका अब्दल्ला एक मशहूर अमेरिकी एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने नेटफ्लिक्स की सीरीज 'प्रोजेक्ट एमसी 2 से पहचान बनाई थी।

## बदनसीब बाप बने थे पृथ्वीराज, रामायण की मंथरा थी क्रूर सास

# 76 साल पहले दहेज प्रथा पर बनी थी पहली भारतीय फिल्म

*नई दिल्ली। हमारे देश में दहेज प्रथा सदियों से समाज का हिस्सा है। यह समाज का एक ऐसा अभिशाप है जिसने ना जाने कितनी बेटियों के सपनों और जिंदगियों को तबाह किया है। भले ही आज एआई का युग है और 21वीं सदी में हम जी रहे हैं, लेकिन दहेज की बेड़ियों से अबतक हम मुक्त नहीं हो पाए हैं। भारतीय सिनेमा ने समय-समय पर इस गंभीर मुद्दे को बड़े परदे पर उतारकर समाज को आईना दिखाया है। इसी का उदाहरण है वो फिल्म जो आज से करीब 76 साल पहले सिनेमा में आई थी।*



### कई सितारे आए फिल्म में नजर

इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में उन्होंने ठाकुर साहब का किरदार निभाया था। इसके अलावा फिल्म में उनकी बेटी के किरदार में दिखीं अभिनेत्री जयश्री। करण दीवान फिल्म में जयश्री के पति की भूमिका में दिखे। फिल्म में ललिता पवार भी नजर आईं, जिन्होंने एक बेहद ही क्रूर सास का किरदार निभाया था। वहीं, फिल्म में अभिनेता उल्हास ललिता पवार के पति की भूमिका में नजर आए थे। फिल्म की कहानी दिल को छू लेने वाली थी।

### जब सिनेमा ने दिखाई दहेज प्रथा की कहानी

दहेज उस लालच का नाम है जो एक हंसती-खेलती बेटी के बाबुल का घर भी उजाड़ देता है और विदा होकर गई ससुराल में उसका दम भी घोंट देता है। साल 1950 में दहेज प्रथा पर एक फिल्म आई और फिल्म का नाम था 'दहेज'। शायद ये हिंदी सिनेमा की वो पहली फिल्म थी, जिसने समाज की उस कुरीति को उस दौर में उजागर किया था। लखनऊ की पृष्ठभूमि पर बनी इस फिल्म को महान फिल्ममेकर वी.शांताराम ने बनाया था। वी.शांताराम हमेशा से ही अलग तरह के सिनेमा के लिए जाने गए, लेकिन उन्होंने जब दहेज फिल्म बनाई तो इसकी भी खूब चर्चा हुई।

### क्या थी फिल्म की कहानी?

इस फिल्म की कहानी एक बूढ़े बाप की होती है, जो अपनी बेटी चंदा (जयश्री) की शादी एक वकील के बेटे के साथ कर दी जाती है। ससुराल पहुंचने पर, दहेज न लाने के कारण चंदा की सास (ललिता पवार) और परिवार के अन्य सदस्य उसे ताने मारते हैं और प्रताड़ति करने लगते हैं। इसके बाद उनकी बेटी की जिंदगी में कई मुश्किलें आती हैं। सास के अत्याचार से बेटी खूब परेशान रहती है। यहां तक कि परिवार वाले खुलकर मांगते हैं और उसे ज्यादा तंग करते हैं। हालात इतने बिगड़ जाते हैं कि अंत में वकील की मौत हो जाती है और चंदा को उसकी मौत के लिए दोषी ठहराया जाता है। इस फिल्म में ललिता पवार ऐसी क्रूर सास बनीं, कि इस फिल्म के बाद उन्हें टाइपकास्ट कर दिया गया। उन्हें सिनेमा में फिर ऐसे ही निगेटिव रोल्स ज्यादा ऑफर किए गए। दहेज प्रथा पर इसके अलावा कई और फिल्में भी बनीं, जो आज भी चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब के जोन एवं रीजन चेयरपर्सन का स्कूलिंग आयोजित

**चांपा।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के वर्ष 2026-27 के लिए निर्वाचित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन रिपुदमन सिंह पुसरी के द्वारा नियुक्त रीजन एवं जोन चेयरपर्सन के लिए दो दिवसीय स्कूलिंग कार्यक्रम पथप्रदर्शक का आयोजन होटल किंग्सवे रायपुर स्थित सभागार में किया गया जिसमें लायंस क्लब चांपा से क्लब अध्यक्ष तथा जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन संतोष कुमार सोनी अधिवक्ता एवं रीजन चेयरपर्सन लायन राजेश अग्रवाल ने भाग लिया, जहां पर विभिन्न डिस्ट्रिक्ट से पधारे पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर फेकल्टीज ने विभिन्न विषयों पर अपने व्याख्यान दिए जो उपस्थित ट्रेनियों के लिए लाभ दायक रहा। अपने अनुभव साझा करते हुवे लायन द्वय ने बताया कि लायंस क्लब वी सर्व की भावना के साथ मानवता की सेवा के लिए अग्रसर है। नए नेतृत्य से लायनवाद को नई दिशा व दशा मिलेगा जिससे जरूरत मंद लोग लाभान्वित होगे ।

### 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयोग ने शाला का नाम किया रोशन



**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा निवासी संयोग पाण्डेय ने सीबीएसई हायर सेकेंडरी परीक्षा में 87 प्रतिशत अंक अर्जित कर शाला एवं परिवार का नाम रोशन किया है। वे डीएवी पब्लिक स्कूल अकलतरा में अध्ययनरत थे और उन्होने इस वर्ष की परीक्षा परिणाम में अपने स्कूल में सबसे ज्यादा अंक अर्जित किया है। वे श्रीमती माधुरी दिनेश्वर पाण्डेय के पुत्र हैं जो मूलतः डोंगाकोहरौद निवासी हैं। इससे पूर्व उन्होंने हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में 94 प्रतिशत अंक अर्जित किया था । इस सफलता से शाला के शिक्षकों एवं परिवार जनों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### भारत उत्थान न्यास ने अनुभव तिवारी को सौंपी प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी



**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खोखरा निवासी युवा कवि एवं साहित्यकार अनुभव तिवारी को भारत उत्थान न्यास का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। भारत उत्थान न्यास एक सामाजिक साहित्यिक संस्था है, जो नीति आयोग में पंजीकृत होकर देशभर में सामाजिक, शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े कार्यक्रम संचालित कर रही है। यह नियुक्ति भारत उत्थान न्यास के केंद्रीय अध्यक्ष आचार्य सुजीत कुंतल द्वारा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अलका यादव की अनुशंसा पर जारी की गई है। नियुक्ति पत्र में अनुभव तिवारी को संगठन विस्तार, सामाजिक जागरूकता, चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संस्था द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास एक-दूसरे से अभिन्न हैं। इसी उद्देश्य को लेकर न्यास पंचकोश आधारित "चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास" कार्यशाला का आयोजन कर रहा है, जिसके माध्यम से युवाओं एवं विद्यार्थियों में शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, प्राणिक एवं आत्मिक विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। भारत उत्थान न्यास का उद्देश्य युवाओं में नैतिक मूल्यों, सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक चेतना एवं राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करना है। संस्था विद्यार्थियों और युवाओं को आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रही है। अनुभव तिवारी की नियुक्ति से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।


### सेंधवार स्थित भगवान शनि देव की हुई विशेष पूजा-अर्चना



**जांजगीर-चांपा।** भगवान श्री शनिदेव की जयंती पर्व के अवसर पर शिवशंकर सेवा समिति पुरानी बस्ती जांजगीर द्वारा सेंधवार स्थित शनिदेव भगवान का पूजन अर्चन कर नगर में सुख शांति समृद्धि की कामना की गई। पं. शिव कुमार शर्मा (शिबू महराज) पुजारी बरमबावा मंदिर जांजगीर ने बताया कि मनोवांछित फल प्रदाता श्री शनिदेव भगवान को प्रसन्न करने हेतु शनि चालीसा का पाठ एवं शनि स्तोत्र अभिषेक, पूजन किया गया। इस उत्सव में सम्मिलित होकर भक्तगण सत्य बोलना, मेहनत करना और किसी के साथ अन्याय न करना, जरूरतमंद लोगों, की सेवा करना की बात कही। शनि जयंती पर मंदिर में सुबह से ही भक्त बड़ी संख्या में पहुंचे। पूरे दिन मंदिर परिसर जय शनिदेव और ॐ शं शनैश्चराय नमः के जयकारों से गुंजायमान रहा। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने धूप, दीप जलाकर और फल चढ़ाकर सुख-समृद्धि की कामना की।

## निधन

### सुरेश पटेल



**चांपा।** स्थानीय गुजराती समाज के प्रतिष्ठित नागरिक तहसील मार्ग निवासी स्व. हंसराज भाई पटेल के सुपुत्र सुरेश भाई पटेल का गुरुवार 21 मई को दोपहर निधन हो गया। वे 58 वर्ष के थे। स्व. पटेल के परिवार में पत्नी समेत एक पुत्र एवं एक पुत्री है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को ही मंझली तालाब स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा अपरान्ह 4.30 बजे निवास से निकली। इस दौरान बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं समेत गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि पुत्र निशंक पटेल ने दी।

शिकायत निराकरण के लिए जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

# आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 24 घंटे संचालित होगी सीएम हेल्पलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नागरिकों को शासकीय सेवाओं एवं योजनाओं तक सरल पहुंच और उनकी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए राज्य सरकार द्वारा सीएम हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली प्रारंभ की जा रही है। सुशासन एवं अभिसरण विभाग के अंतर्गत संचालित इस प्रणाली का उद्देश्य नागरिकों को शिकायत दर्ज कराने, शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराने तथा समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के लिए एकीकृत, सुलभ और विश्वसनीय माध्यम उपलब्ध कराना है।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे की उपस्थिति में गुरुवार 21 मई को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण सभी अधिकारियों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए और शिकायतों के समाधान में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। बैठक में सुशासन एवं अभिसरण विभाग से अनुराग दीवान, श्री अंशुल, श्री चंदन, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, संयुक्त कलेक्टर संदीप ठाकुर तथा



प्रशिक्षण में जानकारी देते कलेक्टर जन्मेजय महोबे सहित अन्य अधिकारी।

विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही विकासखंड स्तर के सभी अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के मध्यम से वर्चुअली शामिल हुए। राज्य स्तर से गठित अधिकारियों के प्रशिक्षण दल के प्रमुख एवं सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सलाहकार श्री दीवान ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली के तहत प्रदेश का कोई भी नागरिक टोल फ्री नंबर 1076 सहित वेब पोर्टल, मोबाइल ऐप और व्हाट्सएप जैसे आधुनिक मल्टी चौनल किसी भी माध्यम से कॉल करके, 24×7 अपनी शिकायत आसानी से दर्ज करा सकता है। शिकायत दर्ज होते ही उन्हें एक विशिष्ट पहचान संख्या मिलेगी। जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत की पूरी स्थिति किस विभाग में, किस अधिकारी के पास लंबित है, और कार्यवाही हुई या नहीं. इसके साथ ही समाधान में कितना समय लगेगा इसके बारे में विस्तृत जानकारी मिलेगी। शिकायत दर्ज होने के बाद उसे संबंधित विभाग और अधिकारी तक तुरंत पहुंचाया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया तकनीक आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम से जुडी होगी, जिसमें हर स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी और शिकायतों के अनावश्यक लंबित रहने की संभावना नही होगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों का फीडबैक इस पूरी प्रणाली की सबसे बड़ी ताकत है। समाधान होने के बाद संबंधित नागरिक से सीधे संपर्क कर उसकी प्रतिक्रिया ली जाएगी, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि समस्या का वास्तव में समाधान हुआ है या नहीं। व्यक्ति अगर समाधान से संतुष्ट होता है, तभी शिकायत का पूर्ण निराकरण माना जाएगा। लेकिन यदि काई असंतुष्ट है तो शिकायत स्वतः सक्रिय हो जाएगी। इस पूरी व्यवस्था की निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जाएगी।

## कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में प्रशिक्षण

**सक्ती।** शासकीय सेवाओ और योजनाओं से संबंधित आमजन से प्राप्त शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायत प्रबंधन प्रणाली की व्यवस्था विकसित की जा रही है। जिससे आम जनता की आवाज सीधे शासन तक पहुंचेगी। सुशासन एवं अभिसरण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार गुड गवर्नेंस की दिशा में सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत जिला कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय और विकासखंड स्तरीय अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य स्तर से नामित प्रशिक्षण दल प्रमुख श्री आर.के. शर्मा के द्वारा सीएम हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली की कार्यप्रणाली पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सीएम हेल्पलाइन मुख्य रूप से शिकायत निवारण की एक प्रभावी प्रणाली है, जिसके माध्यम से आमजन किसी भी विभाग से संबंधित शिकायत 24*7 दर्ज करा सकेंगे। इसके संचालन हेतु चौबीसों घंटे कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जानी है। उन्होंने बताया की आमजन टोल फ्री नंबर 1076 पर किसी भी समय निःशुल्क कॉल कर अथवा अन्य आनलाईन माध्यमो से भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकेंगे । कलेक्टर कार्यलय सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारी भौतिक रूप से उपस्थित हुए, साथ ही विकासखंड स्तर के सभी अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के मध्यम से वर्चुअली शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान सुशासन एवं अभिसरण विभाग के आईटी मैनेजर सौरभ श्रीकांत ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन प्रणाली पाँच प्रमुख जिसमें शिकायत ट्रैकिंग, समयबद्ध निवारण, नागरिक फीडबैक, पारदर्शिता एवं जवाबदेही तथा कुशल निगरानी पर आधारित है। उन्होंने बताया की प्रत्येक शिकायत पश्चात 12 अंकों का विशिष्ट टोकन क्रमांक प्रदान किया जाएगा। जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता अपनी शिकायत की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकेगा। निर्धारित समय-सीमा में शिकायत का निराकरण नहीं होने पर शिकायत स्वतः अगले उच्च स्तर पर एस्केलेट हो जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ वाशु जैन की उपस्थिति में जिला और विकास खंड स्तर के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन 1076 एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, अपर कलेक्टर बालेश्वर राम सहित सभी विभागों के अधिकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम मे शामिल हुए।



### बीएड एवं डीएलएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 12 जून तक कर सकते हैं आवेदन

**पामगढ़।** पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा सत्र 2026-27 हेतु द्विवर्षीय बी.एड. एवं डी.एल.एड. पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश निर्धारित नियमों के आधार पर आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा तथा इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 25 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है, जबकि आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जून निर्धारित की गई है। आवेदन में आवश्यक संशोधन 13 जून से 15 जून के बीच निर्धारित शुल्क के साथ किए जा सकेंगे। प्रवेश पत्र 23 जून से डाउनलोड के लिए उपलब्ध होंगे तथा बी.एड. एवं डी.एल.एड. की प्रवेश परीक्षा 28 जून को संभावित रूप से आयोजित की जाएगी। मॉडल उत्तर 29 जून को जारी किए जाएंगे, जिन पर अभ्यर्थी 29 जून से 3 जुलाई तक आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। परीक्षा परिणाम 10 जुलाई को संभावित रूप से घोषित किया जाएगा तथा परिणाम पर आपत्तियां 10 से 12 जुलाई तक आमंत्रित की जाएंगी। सभी आपत्तियां निर्धारित समयावधि में विश्वविद्यालय के ईमेल के माध्यम से ही स्वीकार की जाएंगी। इसके उपरांत 21 जुलाई को दावा-आपत्ति के निराकरण के बाद अंतिम प्राविण्यता सूची जारी किए जाने की संभावना है। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन भरते समय सभी निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करना होगा

## ब्लॉक कांग्रेस ने स्व. राजीव गांधी को शहादत दिवस पर किया याद

**चांपा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांपा द्वारा भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने स्व. राजीव गांधी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश अग्रवाल द्वारा स्व. राजीव गांधी के तैलचित्र पर दीप-प्रज्वलन से हुई। उन्होंने अपने संबोधन में स्व. राजीव गांधी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश ने एक दूरदर्शी और युवा प्रधानमंत्री को खोया है, जिसकी क्षति कभी पूरी नहीं हो सकती। उन्होंने आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। जिला महामंत्री नागेंद्र गुप्ता ने आतंकवाद के विरुद्ध मजबूती से खड़े रहने की बात कही और उपस्थित कांग्रेसजनों को इसके खिलाफ शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस



अध्यक्ष सुनील साधवानी ने सभी से दो मिनट का मौन रखवाकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कराई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष किशन सोनी, महामंत्री नागेंद्र गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अनिल मोदी, राज सरोज, वरिष्ठ कांग्रेसी उमेश तिवारी, ब्लॉक उपाध्यक्ष हरीश श्रीवास, भालचंद्र तिवारी, रामबाई स्वर्णकार, माणिक मसीह, गुलशन सोनी, ब्लॉक महामंत्री रंजन कैवर्त, अनिल बनकर, व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राज अग्रवाल, पार्षद अंजली देवांगन, पार्षद पवन साहू, पार्षद दुर्गा कुर्रे, पार्षद पवन आर्य, ब्लॉक सचिव जीवन बंजारे, सेक्टर प्रभारी संजय देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा राजीव गांधी का योगदान सदैव रहेगा प्रेरणास्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतरत्न स्व राजीव गांधी की 35 वीं पुण्यतिथि आतंकवाद विरोधी दिवस पर स्थानीय शहीद स्मारक परिसर में उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व

- कांग्रेस नेताओं ने शहीद स्मारक परिसर में अर्पित की श्रद्धांजलि

एवं कृतित्व को स्मरण किया गया।

इस मौके पर विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि राजीव गांधी शांत दीप थे, जिन्होंने आधुनिक भारत के भविष्य को नई रोशनी देने का स्वप्न देखा। वह एक ऐसे संवेदनशील सरल और दूरदर्शी व्यक्तित्व के धनी थे जिनके हृदय में देश के प्रति समर्पण बसता था जिन्होंने युवा



जय स्तंभ प्रांगण में श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

भारत के सपनों को नई उड़ान देने का संकल्प लिया। दिनेश शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ऐसे दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने युवा सोच, आधुनिक तकनीक और मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के माध्यम से भारत को 21वीं सदी की ओर अग्रसर करने का सपना देखा था। डॉ परस शर्मा ने कहा कि राजीव गांधी ने देश में सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और कंप्यूटर क्रांति की नींव रखने का ऐतिहासिक कार्य किया। आज भारत जिस डिजिटल युग में आगे बढ़ रहा है, उसकी मजबूत आधारशिला रखने का श्रेय काफी हद तक उनके दूरदर्शी नेतृत्व को जाता है। विवेक सिंह सिसोदिया ने कहा कि उन्होंने देश के युवाओं को नई सोच, नई तकनीक और आधुनिक शिक्षा से जोड़ने का कार्य किया। उनके कार्यकाल में पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने, युवाओं को मतदान का अधिकार 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करने तथा शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में सुधार जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। कार्यक्रम को रमेश पैगवार, भगवानदास गढ़ेवाल, गिरधारी यादव, अजीत सिंह राणा, प्रिंस शर्मा व अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन रफ़ीक सिद्दीकी ने आभार प्रदर्शन रामबिलास राठौर ने किया। इस अवसर शिशिर द्विवेदी, श्रीमती हेमलता राठौर, देवकुमार पाण्डेय, चंद्रप्रकाश ओग्रे भाकू,विजय कुमार तिवारी बबला महाराज,उमाशंकर साव, पार्षद अक्षय टेकाम,आकाश तिवारी, परमेश्वर निर्मले, अंशु यादव, दिनेश महंत, सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित है।

## सीएम से मिला छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के लाखों टेट (शिक्षक पात्रता परीक्षा) प्रभावित शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री

- टेट प्रभावित शिक्षकों के मुद्दे पर हुई सकारात्मक चर्चा

विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की।

इस दौरान फेडरेशन के पदाधिकारियों ने प्रदेश के प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में कार्यरत लाखों शिक्षकों से जुड़े टेट विसंगति के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की और ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष



मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत करते छग सहायक शिक्षक समग्र के पदाधिकारी।

रविंद्र राठौर और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बसंत कौशिक और राजीव नयन शुक्ला ने किया। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सीएम विष्णुदेव साय को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ में लाखों सहायक शिक्षक और समग्र शिक्षक वर्षों से अपनी सेवा दे रहे हैं, लेकिन टेट संबंधी कुछ तकनीकी विसंगतियों और नियमों के कारण उनके हितों पर सीधा असर पड़ रहा है। चर्चा के दौरान सीएम ने शिक्षकों की समस्याओं को बेहद गंभीरता और संवेदनशीलता से सुना। उन्होंने फेडरेशन को आश्वस्त किया कि वे शिक्षकों की इन जायज मांगों और टेट से प्रभावित लाखों परिवारों के भविष्य को लेकर पूरी तरह गंभीर हैं। सीएम ने कहा कि आगामी समय में केंद्र सरकार के पटल पर छत्तीसगढ़ की ओर से भी इस टेट के मुद्दे को मजबूती से उठाया जाएगा और केंद्र व राज्य स्तर पर इसका सकारात्मक समाधान निकालने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। सीएम से मिले इस ठोस और सकारात्मक आश्वासन के बाद फेडरेशन के पदाधिकारियों और प्रदेश के लाखों शिक्षकों में न्याय की उम्मीद जगी है। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बसंत कौशिक और राजीव नयन शुक्ला ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किए हैं।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सराफा दुकानों के सामने किया विरोध प्रदर्शन

**अकलतरा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर नगर कांग्रेस कमेटी अकलतरा ने शास्त्री चौक स्थित सराफा दुकानों के सामने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों एवं सोने की खरीदी पर रोक लगाने के निर्णय का विरोध किया। उन्होंने इसे व्यापारियों और आम लोगों के हितों के खिलाफ बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण सराफा व्यवसाय पूरी तरह प्रभावित हो गया है। सोने चांदी के व्यापारी, कारीगर तथा इस व्यवसाय से जुड़े कर्मचारी आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सराफा बाजार बंद होने से हजारों परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए व्यापारियों के हित में निर्णय वापस लेने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लगातार



गलत आर्थिक नीतियों के कारण छोटे व्यापारियों और मजदूर वर्ग की स्थिति खराब होती जा रही है। कार्यक्रम का संचालन नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन ने किया। कार्यक्रम में मंजू सिंह, खुलन सोनवानी, भविष्य चंद्राकार संतोष सिंह बैंस, राजकुमार राठी, छतराम साहू,मदन सिंह बैंस,मोईद खान, अविनाश साहू,मनोज अग्रवाल,इरशाद बाबा,राजेश जैन,राजू जैन,जय दीप सिंह, दीप पाटले, अभिजीत सोनवानी,दीपक यादव, गज्जू खान, रहमान खान ,खुशहाल धिरहि, अयफाज मेमन ,नरेश देवगन ,देवमणि चक्रधारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी एवं समस्याओं का किया गया निराकण

# जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त हुए 1473 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत बिलारी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में गुरुवार 21 मई को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

इस दौरान हितग्राहियों को नैनो यूरिया, आईस बॉक्स व जाल, किसान किताब, बी-1, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, नक्शा-खसरा, चेक एवं सम्मान पत्र वितरित किए गए। स्व-सहायता समूहों की दीदियों को स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित



सुशासन तिहार में हितग्राहियों को चेक वितरित करते अतिथि।

आवासों की चाबियां हितग्राहियों को सौंपी गईं। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत बिलारी में आयोजित शिविर में कुल 1473 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमे 1439 मांग एवं 34 शिकायत से संबंधित है। पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत लगाये गये जनसमस्या निवारण शिविर में अधिक से अधिक अपनी मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन करें एवं सभी विभागीय स्टॉलों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ लें। उन्होंने अधिकारियों से आमजन की मांगों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने तथा योजनाओं की जानकारी के साथ उनका लाभ देने के निर्देश दिए। जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी ने कहा कि सुशासन तिहार का आयोजन 10 जून तक किया जाएगा। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी आमजन की मांगों और समस्याओं को सुनने तथा उनका निराकरण करने के लिए उपस्थित हैं। उन्होंने कहा शासन द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

